पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

पटना नगरपालिका
1864
CITY OF PATNA

Patna Municipal Corporation
Date: 29-01-2025
2025201364
http://pmc.bihar.gov.in

No. / पत्रांक: 1364
दिनांक: 29/01/2025

कार्यालय आदेश

पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत किये जाने वाले महत्वपूर्ण कार्य Wet Waste, Dry Waste, Domestic Hazardous Waste and Sanitary Waste को प्रत्येक आवासीय इकाइयों से अलग-अलग कर प्राप्त किये जाने के उद्देश्य से Mission Total Segregation का शुभारंभ दिनांक 19.09.2024 को किया गया है। तत्पश्चात् निगम क्षेत्रान्तर्गत Mission Total Segregation कार्य किया जा रहा है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में 15 फरवरी 2025 को केन्द्रीय टीम के द्वारा पटना नगर निगम के द्वारा निगम क्षेत्र में किये जा रहे स्वच्छता से संबंधित कार्यो का भौतिक सत्यापन किया जाना प्रस्तावित है।

विदित हो कि HMS टीम के द्वारा डोर-टू-डोर **वाहनों का सर्वे कर** प्रतिवेदन उपलब्ध कराया है, जो निम्न प्रकार है:-

क्र0 स0	अंचल का नाम	Branding के लिए वाहनों की संख्या			Domestic Hazardous Waste and Sanitary Waste के संग्रहण हेतु अधिठापित होने वाले Box के लिए वाहनों की संख्या
		कुल वाहन	Branding किये गये वाहन की संख्या	Branding हेतु शेष वाहन की संख्या	
1.	नूतन राजधानी	85	32	53	80
2.	अजीमाबाद	60	24	36	60
3.	पाटलीपुत्र	85	35	50	80
4.	बाँकीपुर	60	24	36	60
5.	पटना सिटी	56	16	40	40
6.	कंकड़बाग	55	22	33	55
कुल		401	153	**248**	**375**

उक्त को दृष्टिगत रखते हुए सभी कार्यपालक पदाधिकारी निदेशित है कि

1. 05 फरवरी 2025 तक Domestic Hazardous Waste and Sanitary Waste के संग्रहण के लिए डोर-टू-डोर वाहनों के पीछे Box निर्माण करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु आवंटन उपलब्ध करायी जायेगी।
2. 05 फरवरी 2025 तक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य में संलग्न वाहनों (CNG Close Tipper छोड़कर) में Branding (मुख्यालय से Design प्राप्त कर) करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु सभी अंचल को पूर्व में ही आवंटन उपलब्ध करायी जा चुकी है।
3. सभी कार्यपालक पदाधिकारी अपने देख-रेख में डोर-टू-डोर वाहनों वाहन के पीछे BOX निर्माण एवं Branding गुणवतापूर्ण करवाना सुनिश्चित करेंगे।

पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

पटना नगरपालिका
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांक: 1364

Date / दिनांक: 29/01/2025

4. प्रभारी पदाधिकारी नियंत्रण कक्ष (मुख्यालय) निदेशित है कि डोर-टू-डोर वाहनों वाहन के पीछे BOX निर्माण एवं Branding से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

नगर आयुक्त
पटना नगर निगम

ज्ञापांक :- Swm/VI/258/352/2025 - 1364, दिनांक :- 29/01/2025

प्रतिलिपि :-अपर नगर आयुक्त/मुख्य नगर अभियंता/नगर वित एवं लेखा नियंत्रक/वाहन पदाधिकारी (मुख्यालय)/प्रभारी पदाधिकारी नियंत्रण कक्ष (मुख्यालय)/सभी कार्यपालक पदाधिकारी, पटना नगर निगम को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

नगर आयुक्त
पटना नगर निगम